**'सच्चर समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन' के संबंध में 'अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री महोदय के 15 सूत्रीय कार्यक्रम' से जुडे विभिन्न मुद्दों का प्रचार-प्रसार करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के माध्यम एककों द्वारा किए गए प्रचार कार्य पर की गई कार्रवाई संबंधी नोट**

**जनवरी 2018 - मार्च 2018**

**पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी)**

- पत्र सूचना कार्यालय प्रधानमंत्री महोदय के 15 सूत्रीय कार्यक्रम तथा सच्चर समिति की सिफारिशों के अंतर्गत अल्पसंख्यकों के कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर नियमित रूप से विज्ञप्तियों/फीचर्स का प्रकाशन करता रहा है।
- उक्त विषय पर इसके विभिन्न क्षेत्रों से 120 प्रेस विज्ञप्तियां जारी की गईं।
- पत्र सूचना कार्यालय द्वारा वार्तालाप का आयोजन किया गया है जिसमें प्रधानमंत्री महोदय के 15 सूत्रीय कार्यक्रम को शामिल किया गया है।

**पहुंच और संचार ब्यूरो (बीओसी)**

➢ **क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय (डीएफपी)**

- क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय के क्षेत्रीय प्रचार एककों ने देश के विभिन्न भागों में अल्पसंख्यकों के कल्याण तथा सच्चर समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन हेतु प्रधानमंत्री महोदय के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम की थीम पर कई प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों का आयोजन किया है।
- अभियान का मुख्य बल सरकार की स्कीमों अर्थात 'मिशन इंद्र धनुष', 'मिशन परिवार विकास', 'टीवी एवं कुष्ठ रोग', 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2018' पर था। सरकार की फ्लैगशिप स्कीमों अर्थात 'स्वच्छ भारत मिशन', 'प्रधानमंत्री उज्जवला योजना (पीएमयूवाई)', 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई)', प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना-"सौभाग्य", 'स्किल इंडिया मिशन', 'ग्रामोदय से भारत उदय' पर भी विशेष रूप से बल दिया गया।
- निदेशालय ने लक्षित दर्शकों के साथ नियोजित कार्यकलापों में समूह चर्चाओं/मौखिक संवाद, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, रैलियों, प्रश्नोत्तर सत्रों, सार्वजनिक बैठकों तथा फिल्म शो जैसे विभिन्न फॉर्मेटों का उपयोग किया।
- निदेशालय ने सरकार की स्कीमों पर 37 विशेष पहुंच कार्यक्रमों (एसओपी) तथा रैलियों, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, समूह चर्चा आदि सहित 251 अन्य कार्यकलापों का आयोजन किया।
- निदेशालय ने उक्त तिमाही के दौरान देश भर में कई अल्पसंख्यक बहुल गांवों में अपने प्रचार कार्यक्रमों के जरिए 101 हजार से अधिक लोगों (लगभग) को सरकारी नीतियों की जानकारी देने का कार्य किया।

➢ **गीत और नाटक प्रभाग**

- गीत और नाटक प्रभाग ने लाइव मीडिया जैसे नाटक, लोक गीत, कठपुतली कला आदि के जरिए भीतरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया है।
- अल्पसंख्यकों के कल्याण तथा सच्चर समिति की रिपोर्ट के कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री महोदय के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम की मुख्य विशेषताओं से जुडे संदेशों का प्रभावी ढंग से संचार करने हेतु इन कार्यक्रमों को स्थानीय भाषाओं तथा बोलियों में प्रस्तुत किया जाता है।
- उक्त प्रभाग ने मार्च 2018 को समाप्त तिमाही के दौरान 573 प्रचार-प्रसार कार्यक्रम प्रस्तुत किए थे।

➢ **<u>विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय (डीएवीपी)</u>**

- यह निदेशालय उसके पास उपलब्ध भारत सरकार की विभिन्न स्कीमों, निधियों, छात्रवृत्तियों आदि का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए अल्पसंख्यकों के कल्याण से जुड़े विषय पर अखिल भारतीय आधार पर समय-समय पर विज्ञापन जारी करता रहा है।
- विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय ने मार्च 2018 को समाप्त तिमाही के दौरान कई समाचारपत्रों में 9 विज्ञापन जारी किए।
- नई मंजिल स्कीम के अंतर्गत "हुनर हाट", "नई मंजिल" तथा कार्यकलापों की मॉनीटरिंग तथा उनके मूल्यांकन के लिए एमऍंडई एजेंसी का चयन करने संबंधी सूचना जैसे विषयों पर समाचारपत्र विज्ञापन जारी किए गए।
- उक्त तिमाही के दौरान मुंबई में (प्रतिबद्धता राशि 32,93,264/-रु.) तथा नई दिल्ली में (प्रतिबद्धता राशि 59,43,212/-रु.) 'हुनर हाट प्रदर्शनी' पर दो बाह्य प्रचार अभियान आयोजित किए गए।
- डीएवीपी ने मार्च, 2018 को समाप्त तिमाही के लिए डिजिटल सिनेमा, प्राइवेट एफएम तथा टीवी से जुड़े विषय पर कोई अभियान/प्रचार नहीं किया था।

**<u>आकाशवाणी</u>**

- सभी आकाशवाणी केंद्रों ने 'अल्पसंख्यकों के कल्याण' पर समुचित कार्यक्रम तैयार करके उक्त विषय का व्यापक प्रचार-प्रसार किया।
- कई फॉर्मेटों का प्रयोग किया गया जिसमें वार्ता, कंपेरिंग, चर्चा, साक्षात्कार, जिंगल्स, स्पॉट्स, रेडियो रिपोर्ट्स, टॉकलेट्स, स्पॉट रिकॉर्डिंग आधारित कार्यक्रम आदि शामिल थे।
- कार्यक्रमों का मुख्य बल 15 सूत्रीय कार्यक्रम तथा सच्चर समिति की रिपोर्ट के विभिन्न घटकों के बारे में जागरुकता में वृद्धि करना था।
- उक्त तिमाही के दौरान आकाशवाणी केंद्रों द्वारा कुल 464 कार्यक्रमों का प्रसारण किया गया।

**<u>दूरदर्शन</u>**

- देशभर में विभिन्न दूरदर्शन केंद्र अल्पसंख्यकों के कल्याण तथा सच्चर समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिए विभिन्न फॉर्मेटों के जरिए प्रधानमंत्री महोदय के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम पर कार्यक्रमों का प्रसारण करते हैं।
- कार्यक्रमों के फॉर्मेट में चर्चाएं, स्टूडियो आधारित साक्षात्कार, सीधी चर्चा, फोन पर चर्चा, टीवी रिपोर्ट, सफलता की कहानियां आदि शामिल हैं।

*****

# सूचना और प्रसारण मंत्रालय

## जनवरी 2018 से मार्च 2018 तक की राज्य-वार तिमाही प्रगति रिपोर्ट (क्यूपीआर)

| क्र. सं. | राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के नाम | बीओसी (डीएफपी) द्वारा आयोजित कार्यकलापों की संख्या | पीआईबी द्वारा आयोजित वार्तालापों की संख्या | आकाशवाणी द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की संख्या | बीओसी (गीत और नाटक प्रभाग) द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की संख्या | बीओसी (डीएवीपी) द्वारा प्रिंट मीडिया पर प्रतिबद्धता राशि (रु. में) | दूरदर्शन द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | - | - | - | - | 25,477 | - |
| 2 | आंध्र प्रदेश | - | 15 | 3 | - | 2,14,817 | - |
| 3 | तेलंगाना | | 12 | - | - | 10,87,065 | 13 |
| 4 | अरुणाचल प्रदेश | - | - | 7 | 5 | 82,220 | 17 |
| 5 | असम | 5 | - | 38 | 5 | 2,62,121 | 17 |
| 6 | बिहार | 8 | 9 | 5 | - | 10,93,410 | - |
| 7 | चंडीगढ़ | - | 1 | - | 70 | 3,73,232 | 6 |
| 8 | छत्तीसगढ़ | - | - | 45 | - | 4,71,862 | - |
| 9 | मध्य प्रदेश | - | - | 10 | - | 50,59,647 | 7 |
| 10 | दादरा और नगर हवेली | - | - | - | - | 77,391 | - |
| 11 | दमन और दीव | - | - | - | - | 70,706 | - |
| 12 | गुजरात | 52 | 11 | 218 | - | 9,93,108 | - |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | - | 1 (Vartalaap) | - | 125 | 6,53,789 | - |
| 14 | झारखंड | 6 | - | 17 | - | 8,12,874 | - |
| 15 | कर्नाटक | - | - | 10 | - | 7,82,197 | - |
| 16 | केरल | 27 | - | - | - | 3,83,286 | - |
| 17 | लक्षद्वीप | | - | - | - | 0 | - |
| 18 | महाराष्ट्र | 5 | 9 | 5 | 44 | 63,93,057 | 1 |
| 19 | गोवा | | - | - | - | 75,250 | - |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | मिजोरम | 34 | 4 | 17 | 2 | 97,116 | 17 |
| 21 | मेघालय | | - | 2 | - | 87,115 | 21 |
| 22 | त्रिपुरा | | 7 | - | - | 56,989 | 21 |
| 23 | नागालैंड | - | - | - | 8 | 64,486 | 17 |
| 24 | मणिपुर | | - | - | - | 93,847 | 17 |
| 25 | पंजाब | - | 15 | - | 140 | 4,42,450 | - |
| 26 | हिमाचल प्रदेश | | - | - | 105 | 82,263 | 4 |
| 27 | हरियाणा | | - | - | 38 | 3,32,441 | - |
| 28 | दिल्ली | | 15 | - | 31 | 112,97,975 | - |
| 29 | ओडिशा | - | - | 62 | - | 4,02,118 | 6 |
| 30 | पुद्दुचेरी | - | - | 17 | - | 1,36,432 | - |
| 31 | राजस्थान | 73 | - | - | - | 24,22,933 | 3 |
| 32 | तमिलनाडु | 14 | 18 | 4 | - | 9,72,586 | - |
| 33 | उत्तराखंड | 22 | 2 | 4 | - | 2,94,315 | - |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 40 | - | - | - | 22,74,574 | 18 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 2 | - | - | - | 8,78,072 | 2 |
| 36 | सिक्किम | | 2 | - | - | 69,238 | - |